# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, लखीमपुर–खीरी।

पत्रांकः 881 /मं0प्र0का0/2024–25 दिनांक– 16/09/2025

1. मुख्य चिकित्साधिकारी,
2. उपायुक्त, जिला उद्योग केन्द्र,
3. जिला कार्यक्रम अधिकारी,

जनपद–लखीमपुर खीरी।

जनपद में मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श्री नितिन अग्रवाल मा0 मंत्री आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ/जनपद प्रभारी मंत्री जी का दिनांक 17.09.2025 को जनपद में भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित है, जोकि निम्नवत् है–

**भ्रमण/बैठक कार्यक्रमः–**

| दिनांक | समय | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 17.09.2025 | **09.30 बजे पूर्वान्ह** | प्रस्थान– जनपद लखनऊ से जनपद लखीमपुर खीरी हेतु। |
| 17.09.2025 | **11:45 बजे अपरान्ह तक** | **आगमन – जनपद लखीमपुर खीरी** |
| 17.09.2025 | 12:00 बजे से 01:15 बजे अपरान्ह तक | 1– **"स्वस्थ नारी सशक्त परिवार"** अभियान के अन्तर्गत मा0 प्रधानमंत्री जी के सम्बोधन के सजीव प्रसारण में जनपद के मा0 जनप्रतिनिधि/जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं उपस्थित आमजनमानस के साथ प्रतिभाग।<br>2– **"स्वस्थ नारी सशक्त परिवार"** अभियान के अन्तर्गत मा0 मंत्री जी का उपस्थित आमजनमानस को उद्बोधन।<br>3–आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत लाभार्थियों को कार्ड वितरण।<br>4–विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट परिसर में लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन<br>**तदोपरान्त**<br>**अन–फीडिंग वर्ल्ड बैंक परियोजना से सम्बन्धित कार्यक्रम में प्रतिभाग**<br>**(स्थान–कलेक्ट्रेट सभागार, लखीमपुर–खीरी)** |
| 17.09.2025 | 01:25 बजे से 01:45 बजे अपरान्ह तक | महिला चिकित्सालय, लखीमपुर–खीरी में आयोजित स्वास्थ्य शिविर तथा रक्तदान शिविर का अवलोकन। |
| 17.09.2025 | 01:55 बजे से 03:50 बजे अपरान्ह तक | **निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग, लखीमपुर खीरी (आरक्षित)** |
| 17.09.2025 | 04.00 बजे से 05:00 बजे अपरान्ह तक | 1–भगवान विश्वकर्मा जी की जयन्ती के अवसर पर माल्यार्पण।<br>2–ओ0डी0ओ0पी0 टूल किट योजनान्तर्गत लाभार्थियो को टूलकिट एवं चेक वितरण कार्यक्रम।<br>3–भगवान विश्वकर्मा जी की जयन्ती के अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन के सजीव प्रसारण में जनपद स्तरीय अधिकारियो के साथ प्रतिभाग।<br>**(स्थान–कलेक्ट्रेट सभागार, लखीमपुर–खीरी)** |

**मा0 मंत्री जी द्वारा जनपद में दिनांक 17.09.2025 को उपरोक्तानुसार कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जायेगा।**



Scanned with CamScanner

अतः उक्त के सम्बन्ध में आप सभी को निर्देशित किया जाता है, कि कलेक्ट्रेट सभागार, लखीमपुर–खीरी में अपने विभाग से सम्बन्धित संचालित योजनाओं की प्रदर्शनी/स्टाल लगाते हुये मा0 मंत्री जी के भ्रमण/कार्यक्रम के समय अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ स्वयं उपस्थित होकर योजनाओं के बारे में जानकारी उपलब्ध करायेगें तथा आयोजित कार्यक्रमों में दिनांक 17.09.2025 को निर्धारित समय पर अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ स्वयं प्रतिभाग किया जाना सुनिश्चित करें।

**(अभिषेक कुमार)**
मुख्य विकास अधिकारी,
लखीमपुर–खीरी।

**पत्रांक व दिनांक उक्त।**

**प्रतिलिपि–** 1.जिलाधिकारी महोदया को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2. पुलिस अधीक्षक महोदय, लखीमपुर–खीरी को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
4. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखीमपुर–खीरी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि मा0 मंत्री जी के कार्यक्रम के समय आवश्यक चिकित्सीय सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु।
5. अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), लखीमपुर–खीरी को सूचनार्थ प्रेषित।
6. परियोजना निदेशक, डी0आर0डी0ए0, लखीमपुर–खीरी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि जनपद के समस्त मा0 सांसदगण/मा0 विधायकगण/मा0 जिलाध्यक्ष/नगर अध्यक्ष को अपने स्तर से मा0 मंत्री जी के कार्यक्रम में प्रतिभाग किये जाने हेतु सूचित करें।
7. जिला आबकारी अधिकारी, लखीमपुर–खीरी को इस निर्देश के साथ कि मा0 मंत्री जी के जनपद आगमन से लेकर प्रस्थान तक समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायी जायें।
8. श्री आर0के0 निगम, वर्ल्ड बैंक परियोजना (9473673785) को सूचनार्थ प्रेषित।
9. उपायुक्त, जिला उद्योग केन्द्र एवं जिला सूचना अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
10. नाजिर, कलेक्ट्रेट, लखीमपुर–खीरी।

Digitally signed by
ABHISHEK KUMAR
Date: 16-09-2025
13:17:48
मुख्य विकास अधिकारी,
लखीमपुर–खीरी।



Scanned with CamScanner